प्रारूप.1.5

# NOTE FOR JUSTIFICATION

**परियोजना का नाम :–राज्य योजना के अन्तर्गत ठेला–थार्ती–चिरबिटियामोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। (मार्ग के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तानान्तरण प्रस्ताव।(लम्बाई–6.75 कि0मी0)**

उक्त प्रभावित मोटर मार्ग ग्राम–थार्ती,सोड गॉव से होकर गुजरता है। जिनकी आबादी लगभग 1521 है। यह मार्गमूलगढ–ठेला–थार्ती मोटर मार्ग के कि0मी0– 9.00 से प्रारम्भ होता है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। वर्तमान में गांव की महिलाएं पानी,लकडी,चारा आदि लेने के लिये दूर जाती है। मार्ग निर्माण के पश्चात उनका बहुमूल्य समय बचेगा,साथ ही वे अपने घर और बच्चों को अधिक समय दे पाएंगी,जिससे कि बच्चो का लालन–पालन तथा पठन पाठन ठीक से होगा। गांव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के और नए अवसर मिलेंगें। ग्रामवासी अपने उत्पादित फल,सब्जी,अनाज आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पाएंगे साथ ही गांव विकास की ओर अग्रसर होगा एंव स्थानीय लोगो को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

दोनो समरेखण सिविल ,नाप व आरक्षित वनभूमि से होकर गुजर रहे है प्रथम संमरेखण को चयनित करने का कारण यह हे कि द्वितीय समरेखण के सापेक्ष प्रथम संमरेखण में आरक्षित वन भूमि कि लंबाई कम पढ रही है साथ ही सिविल व नाप भमि में मोटर मार्ग के निर्माण का कारण यह भी है कि मोटर मार्ग के निर्माण के फलस्वरूप वन विभाग के कर्मचारियों को भी वनों की सुरक्षा हेतू कोई कठिनाई होगी अन्य वैकल्पिक भूमि न होने के कारण समरेखण सिविल, नापभूमि वआरक्षित वन भूमि से होकर गुजरता है।समरेखण के अन्तर्गत कोई मकान, मन्दिर, मस्जिद एंव कब्रिस्तान का भाग नही पडता है।

उक्त मोटर मार्ग की लम्बाई 6.75 कि0मी0 है तथा मार्ग की चौडाई 7.00,9.00 मी0 ली गई है। मार्ग के निर्माण में 3.692 हे0 आरक्षित वन भूमि, 0.665 हे0 सिविल भूमि एंव 0.472हे0 नाप भूमि प्रभावित होती है। उक्त प्रयोजनार्थ इस भूमि हेतु निम्नतम समरेखणो पर विचार किया गया है।

**समरेखण नं0:1** इस समरेखण के अनुसार यह नव निर्मित मोटर मार्ग जनपद टिहरी गढवाल के विकास खण्ड भिलंगना में**ठेला–थार्ती–चिरबिटिया** मोटर मार्ग के कि0मी0-- 9.00 से प्रारम्भ होता है। मार्ग की लम्बाई 6.75 कि0मी0 है तथा निर्माण की लागत भी कम है। इस समरेखण में 05 हेयर पिन बैण्ड प्रस्तावित है साथ ही तकनीकी दृश्टि एवं मानको के अनुसार मोटर मार्ग का ग्रेड भी रखा गया है जिससे मोटर मार्ग के निर्माण से अधिकाधिक आबादी भी लाभान्वित होगी इसके अनुसार मोटर मार्ग की लम्बाई भी कम आती है साथ ही इस समरेरखण से समस्त ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि में सहमत है।

**समरेखण नं0:– 2**इस समरेखण के अनुसार यह नव निर्मित मोटर मार्ग भी जनपद टिहरी गढवाल के विकास खण्ड भिलंगना मे मूलगढ-- **ठेला–थार्ती** मोटर मार्ग के कि0मी0– 9.00 से शुरू होता है। इस समरेखण में 07 हेयर पिन बैण्ड प्रस्तावित है समरेखण की लम्बाई अधिक होने के कारण तथा समरेखण का अधिकतर भागआरक्षित वन भूमि, सिविल भूमि , नाप भूमि से होकर गुजर रहा हैं साथ ही मार्ग का कुछ भाग कच्ची भूमि से होकर भी गुजरता है। इस समरेखण में मोटर मार्ग के निर्माण के फलस्वरूप वृक्ष, कृषि योग्या भूमि अधिक प्रभावित होगी। तकनीकी दृष्टि एवं मानको के अनुसार मोटर मार्ग का ग्रेड भी सही नहीं मिलता है। एवं अधिक से अधिक आबादी भी लाभान्वित नहीं हो रही है इस समरेरखण से समस्त ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि में सहमत नहीं है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता, | सहायक अभिन्ता, | अधिशासी अभियन्ता |
| अ0ख0,लो0नि0वि0,घनसाली | अ0ख0,लो0नि0वि0,घनसाली | अ0ख0,लो0नि0वि0,घनसाली |